# होमगार्डस, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मुख्यालय, मध्यप्रदेश

## परिपत्र 33

क्रमांक / 1738 / पीएस / डीजी / 2018, भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर, 2018

होमगार्ड विभाग का एक गौरवमयी इतिहास रहा है । सर्व विदित है कि मध्यप्रदेश होमगार्ड की स्थापना 6 दिसम्बर 1947 में मध्य प्रान्त और बरार होमगार्ड अधिनियम एवं नियम 1947 के तहत हुई थी ।

मेरे व्दारा गत वर्ष होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा के 71वे स्थापना दिवस 2017 के पूर्व तैयारी के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया था कि ''उस समय में होमगार्ड के 1100 रिक्रूट सैनिकों का पहला प्रशिक्षण कोर्स होमगार्ड ट्रेनिंग सेन्टर सीताबर्डी नागपुर में आयोजित किया गया था, जो परेड समापन (POP) 26 जनवरी 1948 के अवसर पर भारत के प्रथम गवर्नर जनरल ऑफ इण्डिया, लार्ड लुईस माऊन्टबेटन के द्वारा उद्गार व्यक्त किये गये थे'' जो हमारे होमगार्ड की महत्वपूर्ण धरोहर है....

*" I have seen a number of parades held by HOMEGUARDs in vorious parts of United Kingdom and India and I havew no hesitation in saying that I have not seen a smarter parade than the parade held taday".*

तब मेरे व्दारा होमगार्ड स्थापना दिवस 2017 के अवसर पर मंच से घोषणा की गयी थी कि चुकि होमगार्ड को पूर्व में ध्वज कलर्स (Colours) प्रदाय कर दिये गये है । होमगार्ड विभाग को अपने कलर्स लगाये जाने की पात्रता है। मुझे यह दर्शाते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि गत वर्ष हमारे व्दारा इस संदर्भ में शासन को भेजे गये प्रस्ताव को शासन के व्दारा **हु–बहू मान्य करते हुए शासन के** पत्र कमांक 2738 / 7676 / 2017 / बी–4 / दो, भोपाल दिनांक 16–11–2018 के व्दारा **होमगार्ड विभाग के प्रतीक चिन्ह / मोना / Formation sign (दो तलवार के बीच में अशोक चक) को अनुमोदित किया गया है।**

अतः होमगार्ड विभाग के समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों / स्वयंसेवी सैनिकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी यूनीफार्म / वर्दी के शर्ट के बाये बाजू की तरफ होमगार्ड प्रतीक चिन्ह / मोनो / Formation sign **(दो तलवार के बीच में अशोक चक)** लगावें ।

**(संलग्नः– प्रतीक चिन्ह / मोनो / Formation sign
का अनुमोदित प्रारूप)**

(महान भारत सागर) 30.11.18
महानिदेशक,
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश

पृ0क्रमांक / 1739 / पीएस / डीजी / 2018, भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर 2018

प्रतिलिपि –

1– अति0 पुलिस महानिदेशक, होमागर्ड मुख्यालय, जबलपुर।

2– एडीशनल कमाण्डेन्ट जनरल, होमगार्ड मुख्यालय, जबलपुर।

3– सीनियर स्टाफ आफीसर (स्था0 / प्रशि0 / वित्त), होमगार्ड मुख्यालय, जबलपुर।

4– जूनियर स्टाफ आफीसर (स्था0 / प्रशि0 ), होमगार्ड मुख्यालय, जबलपुर।

5– कमाण्डेन्ट, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, होमगार्ड मंगेली, जबलपुर।

6– समस्त डिवीजनल कमाण्डेन्ट, होमगार्ड मध्यप्रदेश।

7– समस्त डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट, होमगार्ड मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

महानिदेशक, 30·11·18
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश